# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

27 अक्टूबर 2023, शुक्रवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा सूर्यापेट, तेलंगाना में आयोजित जन-गर्जना रैली में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु

**मैं तेलंगाना की जनता से अपील करता हूँ कि आप भाजपा को आशीर्वाद दीजिये, भाजपा की सरकार बनने पर हम पिछड़े वर्ग से मुख्यमंत्री बनाएंगे।**

***********************

**बीआरएस और कांग्रेस तेलंगाना का भला नहीं चाहती, तेलंगाना का विकास मोदी जी के नेतृत्व में केवल और केवल भाजपा ही कर सकती है।**

***********************

**केसीआर अपने बेटे केटीआर को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया जी राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। ये दोनों दल परिवरवाद की राजनीति के ध्वजवाहक है, इनके उद्देश्य बस अपने परिवार का भला करना है, न कि तेलंगाना की जनता का।**

***********************

**भाजपा का लक्ष्य गरीबों का कल्याण है, जबकि केसीआर और कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य केवल अपने परिवार के कल्याण तक ही सीमित है।**

***********************

**केसीआर ने वादा किया था कि अगर उनकी सरकार बनी तो वो दलित बेटे को मुख्यमंत्री बनाएंगे, इसके साथ ही केसीआर ने 2014 में दलितों को 3 एकड़ भूमि देने का वादा किया था। मैं पूछना चाहता हूँ, केसीआर जी को कि आपके वादे का क्या हुआ?**

***********************

**अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए भी केसीआर ने 50 हजार करोड़ रुपये के बजट का वादा किया था। केसीआर ने पिछड़ी जाति के लोगों के लिए 10 हजार करोड़ रुपये खर्च करने का वादा किया था। लेकिन यह वादे भी पूरे नही हुए**

***********************

**तेलंगाना के 40 लाख किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अब तक 9 हजार करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। जल जीवन मिशन के तहत राज्य के 56 लाख परिवारों को नल से जल मुहैया कराया गया है।**

***********************

**मोदी सरकार ने तेलंगाना के 33 लाख परिवारों को शौचालय उपलब्ध कराया है। प्रदेश के लगभग 1.90 करोड़ लोगों को गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ मिल रहा है। मोदी सरकार ने तेलंगाना के विकास के लिए लगभग 5 लाख करोड़ रुपए खर्च किए।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी ने तेलंगाना के चुनावी दौरे के बीच सूर्यापेट की **'जन गर्जना रैली**' में जनसभा को संबोधित किया। श्री अमित शाह ने मंच पर उपस्थित तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री श्री जी किशन रेड्डी, सूर्यापेट प्रत्याशी संकीनी वेंकटेश्वर राव जी, थिरुगु प्रत्याशी सी. रामचन्द्रैया जी, भुवनगिरी प्रत्याशी श्री गुडूर नारायण रेड्डी जी, नागार्जुन सागर प्रत्याशी बहन निवेदिता रेड्डी जी, महबूबाबाद प्रत्याशी श्री हुसैन नायक जी और आज यहाँ पर भाजपा के राष्ट्रीय राजकीय महामंत्री श्रीगुज्जुला प्रेमेंदर रेड्डी, डाक्टर कसम वेंकटेश्वरलू रेड्डी जी, डाक्टर बुरा नर्साइया गोंडा जी, श्री बोब्बा भाग्य रेड्डी जी, श्री पोरेड्डी किशोर रेड्डी जी और आज इस सूर्यापेट में आए हुए प्यारे भाइयों और बहनों और युवा मित्रों। श्री अमित शाह ने सूर्यापेट के शिव मंदिरों की पावन भूमि पर भगवान शिव को प्रणाम कर अपनी बात की शुरुआत की। इसके पश्चात उन्होंने पिल्लामारी में हजारों साल पुराने विराजमान श्री चन्नाकेशव मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को प्रणाम किया। इसके बाद श्री अमित शाह ने जनता से अपील करते हुए कहा कि आगामी 30 नवंबर को तेलंगाना का चुनाव होने वाला है जिसके विषय में आज मैं तेलंगाना की जनता को बताने आया हूँ, **तेलंगाना का भला न टीआरएस कर सकती है, न कांग्रेस कर सकती है, तेलंगाना का सर्वांगीण विकास आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में में केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है**।

श्री शाह ने कहा कि तेलंगाना में भाजपा के खिलाफ लड़ने वाली दोनों पार्टियां केसीआर की बीआरएस और सोनिया जी की कांग्रेस, दोनों का लक्ष्य तेलंगाना की जनता का भला करना नहीं हैं। **केसीआर अपने बेटे केटीआर को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया जी राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं**। ये दोनों दल परिवरवाद की राजनीति के ध्वजवाहक है, इनके उद्देश्य बस अपने परिवार का भला करना है, न कि तेलंगाना की जनता का।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य गरीबों का कल्याण है जबकि केसीआर और कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य केवल अपने परिवार का कल्याण है।** मैं तेलंगाना की जनता को अपील करने आया हूं कि परिवार कल्याण में विश्वास रखने वाली पार्टियां तेलंगाना को आगे नहीं बढ़ा सकती। तेलंगाना को आगे बढ़ाने का काम केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के प्रयासों से ही संभव हैं।

श्री शाह ने केसीआर पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीआरएस गरीब विरोधी, दलित विरोधी और पिछड़ा वर्ग की विरोधी पार्टी है। **केसीआर ने वादा किया था कि अगर उनकी सरकार बनी तो वो दलित बेटे को मुख्यमंत्री बनाएंगे, इसके साथ ही केसीआर ने 2014 में दलितों को 3 एकड़ भूमि देने का वादा किया था। मैं पूछना चाहता हूँ, केसीआर जी को कि आपके वादे का क्या हुआ? अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए भी केसीआर ने 50 हजार करोड़ रुपये के बजट का वादा किया था। मैं पूछना चाहता हूँ कि केसीआर आपने बजट का आवंटन किया क्या? आपने पिछड़ी जाति के लोगों के लिए 10 हजार करोड़ रुपये खर्च करने का वादा किया था। मैं पूछना चाहता हूँ कि केसीआर आपके वादे का क्या हुआ?**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए बहुत सी योजनाएं लाए हैं। संविधान में संशोधन करके पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने का काम मोदी जी ने किया है। तेलंगाना की जनता को मैं यह कहना चाहता हूँ कि आप भारतीय जनता पार्टी को अपना आशीर्वाद दीजिए, **भाजपा की सरकार बनाईए, तेलंगाना में हमारी सरकार का मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग से होगा, ये पार्टी ने तय किया है।** आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने समक्का सरक्का सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी की घोषणा कर आदिवासियों को सम्मान देने का काम किया है। हल्दी के किसानों के लिए हल्दी बोर्ड बना कर हल्दी किसानों के लिए, वैल्यू चैन और एक्सपोर्ट के दरवाजे आदरणीय मोदी जी ने खोल दिए हैं। इसके साथ-साथ कृष्णा वाटर डिस्प्यूट ट्राइब्यूनल बनाकर तेलंगाना के पानी की जरूरतों की चिंता भी आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने की है। **तेलंगाना के 40 लाख किसानों को हर साल किसान सम्मान निधि के 6000 रुपया उनके बैंक खाते में देकर मोदी जी ने किसानों को अब तक नौ हजार करोड़ रुपये की राहत राशि दी है। जल जीवन मिशन में 56 लाख गरीब परिवारों को नल से जल देकर शुद्ध पीने का पानी पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। लगभग 33 लाख गरीब परिवारों को शौचालय देकर महिलाओं को सम्मान के साथ जीने का अधिकार मोदी जी ने दिया है। लगभग 1 करोड़ 90 लाख जनता को 5 किलो अनाज, 5 किलो चावल फ्री ऑफ कोस्ट देने का काम श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है। श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने अब तक तेलंगाना के विकास लगभग 25 लाख करोड़ रुपये खर्च किये हैं।**

जनता से पूछते हुए श्री शाह जी ने कहा, आप लोग बताइए राम मंदिर बनना चाहिए या नहीं? **लगभग 550 सालों से रामलला टेंट में रहने को मजबूर थे, आज घोषणा हो चुकी है कि 22 जनवरी को आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी अयोध्या जाकर मंदिर में रामलला को विराजमान करेंगे।** सूर्यापेट वालों, आप भी टिकट बुक करवा के रखना, जनवरी के अंत में अयोध्या में राम जन्म भूमि पर उसी जगह पर प्रभु श्री राम का गगन चुम्बी मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा।

*************************